प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-24.08.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 टाण्डा पुलिस टीम द्वारा लगभग 04 माह पूर्व की गई हत्या का सफल अनावरण करते हुये दो अभियुक्त 01-शुभम पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय 02-गुलफाम पुत्र जयगम को किया गया गिरफ्तार।

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 टाण्डा पर दिनांक 22.08.2024 को दोपहर के समय 03:11 बजे आवेदिका पूनम प्रजापति पत्नी नीरज प्रजापति उर्फ बबलू निवासी ग्राम भरहा थाना टांडा जनपद अम्बेडकरनगर ने थाने पर उपस्थित होकर अपने पति नीरज प्रजापति उर्फ बबलू जो कि पिछले लगभग 4 महीने से लापता होने के संबंध में गुमशुदगी दर्ज करायी गई। जिसके सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त गुमशुदा व्यक्ति की तलाश हेतु आवेदिका के गांव भरहा जाकर आसपास के लोगों से जानकारी की गई तो पता चला की नीरज 4 महीने पहले अचानक से गायब हो गया था। वह आखरी बार अपने दोस्त शुभम पाण्डेय पुत्र महेंद्र पाण्डेय निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर व गुलफाम पुत्र जयगम निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के साथ देखा गया था। पुलिस टीम द्वारा गहनता से छानबीन की गई तो पता चला की गुलफाम किसी लड़की से फोन पर बात करता था और उसने उस लड़की से नशे की हालत में तीन-चार महीने पहले बताया था की शुभम पाण्डेय ने और गुलफाम ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी है । मोबाइल सीडीआर की मदद से उस लड़की के बारे में जानकारी की गई। संबंधित लड़की ने अपना नाम पता गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि गुलफाम ने उसके समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया था।

थाना को0 टाण्डा पुलिस द्वारा 01-शुभम पाण्डेय पुत्र महेंद्र पाण्डेय निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर 02-गुलफाम पुत्र जयगम निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया तथा कड़ाई से पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बताया कि दिनांक-13.05.2024 की रात को 9:00 बजे शुभम पाण्डेय ने नीरज प्रजापति को उसके घर से ताड़ी पीने के लिए बुलाया और पास की एक बगिया में ले जाकर ताड़ी पिला रहा था। गुलफाम पुत्र जयगम भी शुभम के साथ मौजूद था। नीरज प्रजापति के नशे की हालत में हो जाने पर शुभम पाण्डेय ने चाकू से उसकी गर्दन पर वार किया और गला दबाते हुए उसकी हत्या कर दी। शुभम पाण्डेय व गुलफाम उपरोक्त ने मिलकर नीरज प्रजापति की डेड बॉडी को पास के ही एक खेत में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया । पुलिस द्वारा नीरज प्रजापति की हत्या की वजह पूछने पर शुभम पाण्डेय द्वारा बताया गया कि नीरज प्रजापति के उसकी मां के साथ अवैध संबंध थे जिनको लेकर वह नीरज प्रजापति पर काफी दिनों बहुत गुस्सा था। इसी वजह से शुभम पाण्डेय उपरोक्त ने गुलफाम उपरोक्त के साथ मिलकर नीरज प्रजापति उपरोक्त की हत्या कर दी। स्थानीय

पुलिस द्वारा अभियुक्त शुभम पाण्डेय व गुलफाम द्वारा बताई गई जगह पर जेसीबी से खुदाई कर शव को (शव के अवशेष) बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-274/24 धारा-201, 302 भादवि बनाम शुभम पाण्डेय व गुलफाम उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

01-शुभम पाण्डेय पुत्र महेंद्र पाण्डेय निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर

02-गुलफाम पुत्र जयगम निवासी ग्राम भरहा थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण पंजीकृत अभियोग-

01- मु0अ0सं0-274/24 धारा-201, 302 भादवि थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

01-प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध प्रताप सिंह थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

02-वरिष्ठ उ0नि0- वेद प्रकाश थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

03-उ0नि0 प्रशिक्षु- अजय कुमार

04-उ0नि0 प्रशिक्षु- अरुण कुमार

05-हे0का0-राजेश कुमार गौतम

06-हे0का0-फूलचन्द्र

07-का0 मनोज यादव

08-का0 सन्तोष तिवारी

09-का0 सरफराज अली

10-का0 राज कुमार